पंजाब केसरी 09/04/2024

जी.एम.एन. कालेज में 7 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का समापन

अम्बाला, 8 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में कलाश्री के सहयोग से सांस्कृतिक विभाग, संस्कृत, पंजाबी, अंग्रेजी, हिन्दी एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का सोमवार को सफल समापन हुआ।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा साहित्य संस्कृत अकादमी के निदेशक डा. चित्तरंजन दयाल सिंह कौशल ने शिरकत की। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने मुख्य अतिथि का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। इस दौरान छात्रों ने अशोक लहरी द्वारा निर्देशित एक लघु नाटिका 'आरंभ कौन करेगा' का मंचन किया। इस नाटक में पढ़े-लिखे बेरोजगार युवक और युवतियों की आर्थिक वेदना को मंचित किया गया जिसकी सभी ने भरपूर प्रशंसा की। समारोह में कलाश्री के महासचिव टी.एस. दुग्गल को कला क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में रंगमंच कार्यशाला के समापन समारोह में नाटक प्रस्तुत करते विद्यार्थी और प्रस्तुति का लुत्फ उठाते रंगकर्मी। (देवदत्त)

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कालेज सदैव ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है। इसी संदर्भ में विद्यार्थियों को कला और साहित्य के क्षेत्र में प्रेरित करने के लिए कालेज प्रशासन द्वारा यह महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कलाश्री के प्रसिद्ध डायरैक्टर अशोक लहरी ने विद्यार्थियों का थिएटर और अभिनय के क्षेत्र में मार्गदर्शन करते हुए उन्हें कला के विभिन्न पहलुओं से रू-ब-रू करवाया।

जी.एम.एन. कालेज के सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डा. राजेंद्र देशवाल ने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं अभिनय कौशल, संवाद कला और नाटकीय प्रस्तुति जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मंच का संचालन अंग्रेजी विभाग के प्रभारी डा. अमित के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की सहसंयोजिका प्रियंका बालदिया ने बताया कि इस 7 दिवसीय कार्यशाला में अनुभवी थिएटर निर्देशकों और कलाकारों डा. कामदेव झा, टी.सी.एस. दुग्गल, अशोक लहरी ने छात्रों को मार्गदर्शन किया, जिससे छात्रों को विभिन्न अभिनय क्षेत्र में कौशल विकसित करने का अवसर मिला।

प्रतिभागी कलाकारों को मुख्य अतिथि द्वारा लघु नाटिका प्रस्तुत करने के लिए कला प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर डा. रितु गुप्ता, डा. अनीश, डा. कमलेश, डा. ज्योति, डा. अंशु, डा. नीना, डा. जसवीर कौर एवं सुषमा आदि मौजूद रहे।